**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः27-03-2021**

**थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा चोरी की योजना बनाते 03 बदमाश गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया सामान, चोरी करने के उपकरण व तीन नाजायज चाकू बरामद**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह के आदेशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री सुरेन्द्र नाथ तिवारी के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राबाद श्रीमती नम्रता श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 27.03.21 को प्रभारी चौकी जोखाबाद उ0नि0 परवेज चौधरी मय टीम के तलाश वांछित व संदिग्ध वाहन/व्यक्तियो की चैकिंग में मामूर थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि श्री सीमेंट फैक्ट्री के पास बंद पड़ी फैक्ट्री के खंडहर में तीन व्यक्ति चोरी की योजना बना रहे हैं जिनके पास अवैध असलहे भी हैं। इस सूचना को गम्भीरता से लेते हुए प्रभारी चौकी जोखाबाद मय पुलिस टीम के मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचकर चोरी की योजना बनाते हुए 03 बदमाशो को समय करीब प्रातः 11.15 बजे अवैध चाकू, चोरी के उपकरण व चोरी किये गये सामान सहित गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तो के नाम व पते-**

1- रिजवान पुत्र अतीक निवासी ग्राम रहौली थाना कुड फत्तेहगढ जनपद संभल। हाल पता मो0 गोरखी कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

2- शाहरुख पुत्र अनीस निवासी ग्राम सिरोधन थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर। हाल पता मो0 गोरखी कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

3- गुलाम रसूल पुत्र इश्रार निवासी ग्राम सिरोधन थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर। हाल पता मो0 गोरखी कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 03 नाजायज चाकू
2. चोरी करने के उपकरण- 01 छोटा कटर, 01 हथौडी, 02 छेनी, 02 कटर के ब्लैड, 03 चाबी, 01 पान्ना

3- चोरी किया गया सामान-02 बोल लैदर क्रिकेट, 01 नेट, 01 सैटल कोक का डिब्बा, 02 लूढो, 06 टोन्टी प्लास्टिक

गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा पूछताछ पर बताया कि वह मोबाइल व रुपये छीनने की योजना बना रहे थे, जो पुलिस की सक्रियता से किसी घटना होने से पूर्व गिरफ्तार किए गये।

इसके अतिरिक्त अभियुक्तों द्वारा बरामद प्लास्टिक की टोंटी को करीब 20 दिन पहले ग्राम फरीदपुर के स्कूल से रात्रि में चोरी की गई थी जिसके संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-146/21 धारा 380 भादवि पंजीकृत है तथा करीब 10 दिन पूर्व तीनों अभियुक्तों द्वारा ग्राम खगुआबास के सरकारी स्कूल से खेल का सामान व एक रेडियो चोरी किया गया था जिसके संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-168/21 धारा 457,380 भादवि पंजीकृत है।

अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर मु0अ0सं0-196/21 धारा 398,401 भादवि एवं मु0अ0सं0-197 से 199/21 धारा 4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के नाम-**

1- उ0नि0 परवेज चौधरी प्रभारी चौकी जोखाबाद

2- का0 विनोद मलिक

3- का0 रोहित खोखर

4- का0 आरिफ

5- का0 चालक उदय राज